उ.प.रे

N.W.R.

उत्तर पश्चिम रेलवे

रेलवे भर्ती कक्ष,
पावर हाउस रोड,
जयपुर।

महत्वपूर्ण सूचना

सर्व सम्बन्धित

विषयः– सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा ग्रुप 'सी' के पदों की रिक्तियों को भरने कम में।

*****

सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा 'सी' ग्रुप के पदों की रिक्तियों को भरने हेतु जारी अधिसूचना संख्या 02/2019 के लिए ऑनलाईन परीक्षा/Computer Based Test(CBT) दिनांक 26 दिसम्बर 2019 को किया गया था। उक्त ऑनलाईन परीक्षा के आधार पर ALP के लिए मनोवैज्ञानिक परीक्षा (aptitude test), Jr. Clerk cum typist & Sr. Clerk cum typist के लिए टंकण परीक्षा हेतु प्रोविजनली पात्र/उपयुक्त पाए गए अभ्यर्थियों का परिणाम दिनांक 28.02.2020 को जारी किया गया था। मनोवैज्ञानिक परीक्षा (aptitude test)परीक्षा व टंकण परीक्षा का आयोजन जयपुर शहर मे दिनांक 04.12.2020 किया जाएगा। जिसके लिए शीघ्र ही ई–कॉल लेटर रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट पर अपलोड किये जाएगें। उक्त परीक्षाओं के लिए मॉकटेस्ट का लिंक भी शीध्र ही रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट पर उपलब्ध कराया जाएगा। अतः अभ्यर्थी अपडेटस के लिए रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

इस सम्बन्ध में उक्त परीक्षाओं में शामिल होने वाले प्रोविजनली पात्र/उपयुक्त अभ्यार्थियों को यह अवगत कराया जाता है कि ALP के लिए मनोवैज्ञानिक परीक्षा (aptitude test) तथा Jr. Clerk cum typist & Sr. Clerk cum typist के पदों पर भर्ती हेतु **टंकण परीक्षा** का आयोजन कम्प्यूटर पर किया जाएगा। **टंकण परीक्षा हेत ऑनलाईन अनुच्छेद कम्प्यूटर स्कीन पर उपलब्ध कराया जाएगा।** टंकण परीक्षा हेतु उपलब्ध कराए गए कम्प्यूटर्स में टंकण सामग्री में हुई गलती में सुधार हेतु एडिटिंग टूल का प्रयोग करने की अनुमति नहीं होगी। टंकण परीक्षा की अवधि 10 मिनट होगी। **Remington gail की बोर्ड लेआउट ही उपलब्ध कराया जाएगा।** अंग्रेजी टंकण हेतु Times New Roman या Calibri फॉन्ट साईज–12 में सामान्यतः प्रयोग होने वाले फॉन्ट के ही प्रयोग की सलाह उन्हें दी जाती है। पीसी पर हिन्दी टंकण करने वाले अभ्यर्थियों के लिए फॉन्ट साईज–14 में Mangal या Krutidev फॉन्ट का ही प्रयोग करना है। हिन्दी में टंकण के लिए न्यूनतम अर्हक गति 25 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी में न्यूनतम अर्हक गति 30 शब्द प्रति मिनट होगी। अभ्यर्थियों को हिन्दी या अंग्रेजी में टंकण के विकल्प का चुनाव करना होगा।

अपडेटस के लिए रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

(सं.740ई/आरआरसी/जीडीसीई/अधिसूचना/2019 दिनांक 18.11.2020)

18/11/2020

कृते अध्यक्ष/रेलवे भर्ती कक्ष
सहा. कार्मिक अधिकारी (भर्ती)
Asstt. Personnel Officer (Rectt.)
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर
North Western Railway, Jaipur